आकाशवाणी शिमला
11.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

केंद्रीय मंत्री कार्यभार

नवगठित केंद्रीय मंत्रिपरिषद के अनेक मंत्रियों ने आज अपना कार्यभार संभाला। इनमें केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, रेल और सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय पेट्रोलियम और गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अन्नपूर्णा देवी ने महिला एवं बाल विकास मंत्री का पदभार संभाला। इसके अलावा जीतन राम मांझी ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री का पदभार ग्रहण किया। अर्जुन राम मेघवाल ने कानून और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में कार्यभार संभाला। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संचार मंत्री और किरेन रिजिजू ने संसदीय कार्यमंत्री व अल्प संख्यक मंत्रालय का पदभार ग्रहण किया। इसके अतिरिक्त मनोहर लाल ने भी केंद्रीय ऊर्जा मंत्री का कार्यभार संभाला।

सर्वोच्च न्यायालय–नीट

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट के बाद मेडिकल कार्यक्रमों में प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अदालत ने 5 मई को आयोजित नीट परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन.टी.ए और अन्य से जवाब मांगा है। इस मामले को एक अन्य लंबित याचिका के साथ जोड़कर अब 8 जुलाई को सुनवाई होगी। परीक्षा में कदाचार और धोखाधड़ी की शीघ्र व गहन जांच करने के लिए छात्रों द्वारा याचिका दायर की गई है। इसमें परीक्षा के नतीजों को वापस लेने और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने की भी मांग की गई है।

मनीष गर्ग

हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को वोट डाले जाएंगे। इन क्षेत्रों में निर्दलीय विधायकों द्वारा इस्तीफे देने के बाद उपचुनाव हो रहे हैं। उपचुनावों की घोषणा के साथ ही हमीरपुर, कांगड़ा और सोलन जिलों में तुरंत प्रभाव से आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग द्वारा 14 जून को अधिसूचना जारी की जाएगी और उसी दिन से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। उम्मीदवार 21 जून तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इन नामांकन पत्रों की जांच 24 जून को होगी जबकि 26 जून को इच्छुक प्रत्याशी अपने नाम वापिस ले सकेंगे। मतदान 10 जुलाई को होगा जबकि मतगणना 13 जुलाई को की जाएगी।

शपथ

प्रदेश में पहली जून को 6 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले सदस्यों को कल शपथ दिलाई जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया विधानसभा सचिवालय के पुस्तकालय कक्ष में इन्हें शपथ दिलाएंगे। उल्लेखनीय है कि उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 4 जबकि भाजपा ने 2 सीटों पर जीत हासिल की है। लाहौल स्पिति से अनुराधा राणा, सुजानपुर से कैप्टन रणजीत सिंह, कुटलैहड़ से विवेक शर्मा, गगरेट से राकेश कालिया, धर्मशाला से सुधीर शर्मा और बड़सर से इन्द्र दत्त लखनपाल चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, मंत्रिमंडल के सदस्य और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर सहित कई विधायक भी समारोह में भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि इस उपचुनाव के बाद विधानसभा में कांग्रेस विधायकों की संख्या बढ़कर 38 जबकि भाजपा विधायकों की संख्या 27 हो गई है।

बस सेवा

देश के सबसे लंबे 9 सौ 81 किलोमीटर दिल्ली–लेह रूट के तहत केलंग से लेह के बीच आज से बस सेवा शुरू हो गई है। केलंग के उपमंण्डल अधिकारी रजनीश शर्मा ने इस बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर लेह जाने वाले पर्यटकों व सवारियों को उपमंण्डल अधिकारी ने ख़तग पहनाकर सम्मानित किया। देश की सबसे लंबी और सबसे अधिक ऊंचाई वाली दिल्ली–लेह बस सेवा 4 दर्रो बारालाचा, नकिल्ला, लाचुंगला और तांगलांग्ला दर्रे से होकर लद्दाख पहुंचेगी। ये सफर लगभग 33 घण्टे में पूरा होगा और इसका किराया एक हजार 6 सौ 27 रुपये तय किया गया है। राज्य परिवहन निगम की क्षेत्रीय प्रबंधक राधा देवी ने बताया कि निगम जल्द ही नीमू पदुम दारचा सड़क और शिंकुला दर्रा होकर नया रूट आरम्भ करने जा रहा है। निगम प्रबंधन से अनुमति मिलने पर 15 जुलाई से इस नए रूट पर बस सेवा आरंभ होगी।

मौसम

प्रदेश के कई ज़िलों में अगले पांच दिन भीषण गर्मी पड़ने का अलर्ट जारी किया गया है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक सुरेन्द्र पॉल ने बताया कि पिछले 24 घंटों में प्रदेश के तापमान में सामान्य से एक डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि अगले 48 घंटों में प्रदेश के 6 ज़िलों हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, मंडी, सोलन और सिरमौर में हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————————